याद किया न कभी श्याम को

याद किया न कभी श्याम को बस माया ही जोड़ी,
श्याम नाम धन सिवा साथ ना जाये फूटी कोड़ी,
श्याम भज ले तू श्याम भज ले,

श्याम नाम धन जो तू यहाँ कमाएगा,
कभी ना भूलो काम वहा वो आएगा,
अगर श्याम से प्यार नहीं है कुछ तेरा उस पार नहीं है,
जनम ही लेती फिरेगी फिर तो तेरी रूह निगोड़ी,
श्याम भज ले तू श्याम भज ले,

लोग तुझे मरघट तक ले जाएगा,
चाहने वाले दो आंसू टपकायेगे,
कोई न तेरे संग चले गा चिता में हर इक अंग जले गा,
जिस दिन क्रूर काल के सिर पर आन गिरे हथोड़ी,
श्याम भज ले तू श्याम भज ले,

मानव ता भी रहे तुम्हारे सीने में सब में देखो श्याम मजा तब जीने में,
झट पर श्याम नाम रस पी ले मत हों दे बंधन ढीले,
ऐसे बांधो डोर प्रीत की कभी ना जाये तोड़ी,
श्याम भज ले तू श्याम भज ले,

क्यों सुख ढूढ़ रहे हो आज ज़माने में गंगा जल क्या मिलता है मखाने में,
सच्चा सुख श्री श्याम शरण में इनके ही गुण यशवर्णन में,
घजे सिंह ने भजनो से भक्ति की बून्द निचोड़ी,
श्याम भज ले तू श्याम भज ले,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5335/title/yaad-kiya-na-kabhi-shyam-ko-bas-maya-hi-jodi-shyam-naam-dhan-siwa-sath-jaye-na-futi-kodi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |